समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# ओमान की खाड़ी मे जंहाज मे लंगी आग, भारतीय नौसेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 14 भारतीय चालक दल सुरक्षित।

Publisher
Published on 30 Jun 2025



## कांडला से ओमान जा रहे जहाज मे इंजन रूम मे लंगी भीषण आग, INS तबर की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा।

**नई दिल्ली : ओमान की खाड़ी** में एक **वाणिज्यिक जहाज मे भीषण आग** लगने की खबर सामने आई है। **जहाज कांडला (गुजरात)** से रवाना होकर शिनास (ओमान) जा रहा था। इस जहाज में सवार **14 भारतीय चालक** दल के सदस्यों की जान खतरे में थी, लेकिन **भारतीय नौसेना** की मुस्तैदी से बड़ी त्रासदी टल गई।

**भारतीय नौसेना** ने आग की सूचना मिलते ही **INS तबर (INS Tabar)** को तुरंत घटनास्थल पर भेजा। **INS तबर** ने अपनी आग बुझाने वाली टीम और विशेष उपकरणों को तुरंत जहाज पर भेजा और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

**कैसे लगी आग ?**
जानकारी के मुताबिक, जहाज के **इंजन रूम** में तकनीकी खराबी के चलते अचानक **भीषण आग** लग गई। इस कारण बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई और **संचार प्रणाली** बाधित हो गई। आग लगने के बाद जहाज से **एसओएस (SOS)** संदेश प्रसारित किया गया, जिस पर **INS तबर** ने तुरंत कार्रवाई की।

**INS तबर का तेज़ और साहसिक एक्शन**
**भारतीय नौसेना** के प्रवक्ता ने बताया कि INS तबर ने रविवार को “**MT Yi Cheng 6**” नामक जहाज से सहायता का संदेश प्राप्त किया था। यह जहाज **ओमान की खाड़ी** में उस समय मौजूद था।

**INS** तबर ने **13 नौसैनिकों की विशेष अग्निशमन टीम** को जहाज पर भेजा। साथ ही चालक दल के 5 सदस्य भी बचाव में सहयोग कर रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है।

### क्या है स्टील्थ फ्रिगेट INS तबर ?

**INS** तबर **भारतीय नौसेना** का '**स्टील्थ फ्रिगेट**' युद्धपोत है जिसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह **दुश्मन की रडार** और **सोनार** से बच सके। यह पोत **तेज गति, उच्च निगरानी प्रणाली** और **रेस्क्यू ऑपरेशन** में दक्षता के लिए जाना जाता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.